दिनांकः 25.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- संसद का शीतकालीन सत्र आज से–26 दिनों तक चलने वाले सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयकों के पेश होने की संभावना।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उपचुनाव में नवनिर्वाचित विधायकों को जनसेवा के लिए समर्पण भाव से काम करते हुए प्रदेश की विकास यात्रा में सहभागी बनने को कहा।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन के वैश्विक सहकारिता सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।
- देशभर में आज से विकसित भारत चैलेंज की शुरूआत–एक करोड़ युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य।

000

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरु हो रहा है। 26 दिनों तक चलने वाले इस सत्र में 19 बैठकें होंगी। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश होने की संभावना है। हालांकि कल, 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर संसद की बैठक नहीं होगी। संविधान दिवस पर मुख्य कार्यक्रम संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में होगा, जहां 26 नवम्बर 1949 को संविधान को अंगीकार किया गया था।
इससे पहले, कल नई दिल्ली में सरकार ने संसद के दोनों सदनों का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने के संबंध में विचार–विमर्श के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सत्र के दौरान सरकार संसद में किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्षी दलों से सदन के सुचारू रूप से संचालन में सहयोग करने की अपील की।

उधर, कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सत्र के दौरान पार्टी कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाएगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से कल विधानसभा उपचुनाव में नवनिर्वाचित विधायकों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सलूम्बर, झुंझुनूं, देवली–उनियारा, रामगढ़ तथा खींवसर के विधायकों को जीत की बधाई देते हुए दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि सभी नवनिर्वाचित विधायक जनसेवा के लिए समर्पण भाव से काम करते हुए राजस्थान की विकास यात्रा में सहभागी बनेंगे तथा विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य, विधायकगण और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

000

केन्द्र सरकार आज राष्ट्रीय अभियान ''अब कोई बहाना नहीं'' की शुरूआत करेगी। इस अभियान में जनता और प्रमुख हितधारकों से महिलाओं के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आह्वान किया जाएगा। यह अभियान, महिला और बाल विकास मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालयों का एक साझा प्रयास है। अभियान में, लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने से संबंधित जागरुकता फैलाने के लिए अब कोई बहाना नहीं विषय पर एक फिल्म भी प्रदर्शित की जाएगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि यह अभियान नई चेतना 3.0 के साथ शुरू किया जाएगा, ताकि

लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए कार्रवाई को प्रभावी बनाया जा सके। महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल दुनिया भर में 25 नवम्बर को मनाया जाता है।

000

श्रीगंगानगर में किसान कृषि में नवाचार अपना रहे हैं। जिले के महियांवाली के किसान हरीश चंद्र कासनिया ने पारम्परिक खेती के स्थान पर नर्सरी पौध व्यवसाय में सफलता हासिल की है। उन्होंने राजस्थान स्टेट मेडिसीनल प्लांट बोर्ड के प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण लेने के बाद ये पौध उगाने का निर्णय लिया और इससे उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन–आईसीए के वैश्विक सहकारिता सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन के एक सौ तीस वर्षों के इतिहास में पहली बार वैश्विक सहकारिता सम्मेलन और आम सभा का आयोजन भारत में किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री मोदी अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष – 2025 पर स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे। इस सम्मेलन में भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे और फिजी के उप प्रधानमंत्री मनोआ कामिकामिका भी शामिल होंगे। इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कॉपरेटिव लिमिटेड–इफ्को, आईसीए, भारत सरकार और सहकारी संस्थाओं अमूल तथा कृभको के सहयोग से वैश्विक सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।

000

देशभर में आज से विकसित भारत चैलेंज शुरू हो रहा है। इससे एक करोड़ युवाओं को जोड़ा जाएगा। इस चैलेंज का पहला चरण आज से 5 दिसम्बर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल क्विज़ के रूप में आयोजित होगा। यह क्विज़ माई भारत प्लेटफॉर्म पर होगी। इसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। दूसरे चरण में निबंध और ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता होगी और तीसरे चरण में प्रतिभागी अपने राज्य स्तर पर चुने हुए विषयों पर विचार प्रस्तुत करेंगे। चौथे और अंतिम चरण में 11 और 12 जनवरी 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में विभिन्न राज्य स्तरीय टीमें राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगी। देशभर से चुने हुए तीन हजार युवाओं को 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग–आरपीएससी में सहायक आचार्य प्रतियोगी परीक्षा 2023 के हिंदी विषय के 214 पदों के लिए तीसरे चरण के साक्षात्कार आज से हो रहे हैं। ये साक्षात्कार 29 नवम्बर तक चलेंगे। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को उनके सभी मूल प्रमाण पत्र और फोटो कॉपी साथ लानी होगी।

000

जोधपुर ग्रामीण जिले के पीपाड़ उपखंड में मालावास के पास कल रात सड़क दुर्घटना में एक दम्पत्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब गाय को बचाने के चक्कर में ट्रेलर असंतुलित होकर दम्पत्ति पर पलट गया। मृतक मेड़ता के रहने वाले थे।

000

पाली जिले में आज से रोजगार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर विभिन्न स्थानों पर 4 दिसम्बर तक आयोजित किये जाएंगे। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी ने बताया कि आज रोहट में शिविर लगाया जा रहा है।

000

जयपुर के मुहाना में आज फूड लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन मौके पर ही बनाए जाएंगे। साथ ही व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 नियम तथा विनियम 2011 में निहित प्रावधानों की जानकारी प्रदान की जाएगी। शिविर में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब ऑन व्हील्स के माध्यम से आमजन को खाद्य पदार्थों की शुद्धता, गुणवत्ता और मिलावाट के संबंध में जागरूक किया जाएगा। आमजन के लिए खाद्य पदार्थों की जाँच करवाने की सुविधा मौके पर ही उपलब्ध रहेगी।

000